(ख) उनकी यात्राओं के क्या-क्या उद्देश्य थे और उनकी यात्रायें कहां तक सफल रहीं ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) और (ख). यह सूचना सभा-पटल पर रखे गए विवरण में दी गई है।

[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या L.T. 1078/77]।

जद्दा में भारतीय कल्याण अधिकारियों के लिए सुविधाएं

729. **श्री एम० ए० हनान अलहाज :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय राज्यों से हज यात्रा के लिए जाने वाले भारतीय प्रतिनिधियों तथा कल्याण अधिकारियों को जद्दा बन्दरगाह और मक्का मदीना में कतिपय सुविधायें प्रदान की जाती हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) राज्य सरकारें हज के मौके पर सऊदी अरब को कोई शिष्टमंडल या कल्याण अधिकारी नहीं भेजती। लेकिन राज्य हज समितियां भारत के राजदूतावास, जेद्दा के मार्गदर्शन में अपने-अपने राज्यों से हज-यात्रियों की देखभाल के लिए हज स्वयंसेवक भेजती हैं।

(ख) हज स्वयंसेवकों को सऊदी अरब प्राधिकारियों द्वारा एक "मुफ्त आव गमन अनुज्ञापत्र" के अतिरिक्त और कोई विशेष सुविधा नहीं दी जाती। इस अनुज्ञा पत्र के आधार पर, जो साधारण हज यात्रियों को नहीं दिया जाता, ये स्वयंसेवक जेद्दा मक्का-मदीना के बीच में निर्बाध रूप से आ-जा सकते हैं जिससे कि वे जेद्दा में बंदरगाह पर अथवा हवाई अड्डे पर हज यात्रियों के आने-जाने वाले दलों की और अगर उन्हें क्का, मदीना में अधिक ठहरना हो तो उस समय भी उनकी सहायता कर सकें।

विदेशों में दूतावासों की संख्या

730. **श्री एम० ए० हनान अलहाज :** *क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :*

(क) विदेशों में ऐसे भारतीय दूतावासों की देशवार संख्या कितनी है जिनमें राजदूत नियुक्त नहीं किये गये हैं ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) ये रिक्त स्थान कब तक भरे जायेंगे ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) . (क) एक, यमन लोक जन गणराज्य (अदन) में।

(ख) और (ग). अदन में भूतपूर्व राजदूत ने उस वर्ष अगस्त में अपने पद का कार्यभार छोड़ा था। उनके उत्तराधिकारी की शीघ्र ही नियुक्ति होने की संभावना है।

बिहार के जिलों में जन संख्या परियोजना के लिए मानदण्ड

731. **डा० रामजी सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) द्वितीय 'भारत जनसंख्या परियोजना' के अन्तर्गत जिलों के चुनाव के लिए